भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3055

सोमवार, 15 मार्च, 2021/24 फाल्गुन, 1942(शक)

कोविड अस्पताल के रूप में ईएसआईसी अस्पताल

3055. श्री सैय्यद ईमत्याज जलील:

श्री असादुद्दीन ओवैसी:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विभिन्न राज्यों में ईएसआईसी अस्पतालों का उपयोग कोविड–19 अस्पतालों के रूप में किया गया था;

(ख) यदि हां, तो विभिन्न राज्यों में ईएसआईसी द्वारा प्रदान किए गए कोविड-19 शय्याओं की कुल संख्या सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कोविड-19 के मामलों में कमी आने तथा खाली शय्याओं के बाद ईएसआईसी ने विभिन्न राज्यों से अपनी सुविधाओं का उपयोग कोविड-19 अस्पतालों के रूप में करने के लिए भुगतान करने के लिए कहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) कितने राज्यों ने ईएसआईसी द्वारा मांगी गई राशि का भुगतान किया है तथा कितने राज्यों द्वारा अभी तक भुगतान नहीं किया गया है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क): जी, हाँ।

(ख): कोविड-19 बिस्तरों की संख्या सहित कोविड-19 अस्पतालों के रूप में उपयोग किए गए कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अस्पतालों का राज्यवार ब्योरा अनुबंध में दिया गया है।

(ग): ईएसआईसी, ने राज्य सरकारों से राज्य में प्रचलित प्रतिपूर्ति दरों के अनुसार गैर-ईएसआई लाभार्थियों के उपचार की प्रतिपूर्ति करने का अनुरोध किया है।

(घ): अब तक, किसी भी राज्य ने ईएसआईसी द्वारा मांगी गई राशि का भुगतान नहीं किया है।

* ****

अनुबंध

"कोविड-19 अस्पताल के रूप में ईएसआईसी अस्पताल" के संबंध में श्री सय्यद ईम्तियाज जलील और श्री असादुद्दीन ओवैसी द्वारा पूछे जाने वाले दिनांक 15.03.2021 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3055 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

ईएसआईसी कोविड-19 अस्पतालों और कोविड-19 बिस्तरों की संख्या का राज्य-वार विवरण

क्र.सं.	राज्य का नाम	अस्पताल की अवस्थिति	कोविड बिस्तरों की संख्या
1.	बिहार	बिहटा	500
2.	छत्तीसगढ़	कोरबा	100
		रायपुर	100
3.	दिल्ली	बसईदारापुर	20
		ओखला	20
		रोहिणी	20
		झिलमिल	15
4.	गुजरात	वापी	100
		बापूनगर	250
		नरोडा	8
		अंकलेश्वर	100
5.	हरियाणा	फरीदाबाद	470
		गुरुग्राम	80
		मानेसर	30
6.	हिमाचल प्रदेश	बद्दी	100
7.	जम्मू और कश्मीर	बारी-ब्राह्मण	50
8.	झारखंड	आदित्यपुर	42
		रांची	20
9.	कर्नाटक	गुलबर्गा	360
		पीनया	10
		राजाजीनगर	100
10.	केरल	एजउकोने	15
		उद्योगमंडल	10
		आश्रमम्	20
11.	महाराष्ट्र	बिबवेवाड़ी	50
		कोहलापुर	50
		अंधेरी	63
12.	मध्य-प्रदेश	इंदौर	300
13.	पंजाब	लुधियाना	20
14.	राजस्थान	अलवर	444
		भिवाड़ी	50
		जयपुर	200
		उदयपुर	100

15.	उत्तर प्रदेश	साहिबाबाद	100
		जाजमऊ	70
		वाराणसी (सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक)	54
		लखनऊ	25
		नोएडा	30
16.	तमिलनाडु	तिरुनेलवेली	45
		के.के. नगर, चेन्नई	50
17.	तेलंगाना	सनथनगर मेडिकल कॉलेज	470
18.	पश्चिम बंगाल	जोका	300
कुल			**4961**

****